# शहीद संजय सिंह महिला कॉलेज, भभुआ (कैमूर)

## "विद्यार्थी सहयोग शिविर" प्रकोष्ठ

सूचना संख्या: SSSMC/VSS/2026/02 दिनांक: 18/09/2026

**आवश्यक सूचना**

(**सभी छात्राओं, शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मियों के लिए**)

बिहार सरकार के निदेशानुसार एवं अपर समाहर्त्ता (लो० शि० नि०)-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, कैमूर के पत्रांक के आलोक में, महाविद्यालय में " विद्यार्थी सहायोग शिविर " (सेवा संकल्प अभियान) के अंतर्गत "साइबर अपराध जागरूकता अभियान" (Cyber Crime Awareness Campaign) का आयोजन निर्धारित किया गया है। सभी छात्राओं, शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि वे इस महत्वपूर्ण शिविर में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

- कार्यक्रम का विवरण:
- दिनांक: 22 सितम्बर 2026
- समय: पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक
- स्थान: सेमिनार हॉल **कक्ष संख्या 35**, शहीद संजय सिंह महिला कॉलेज, भभुआ
- **मुख्य विषय: वित्तीय साइबर धोखाधड़ी (UPI, OTP व QR कोड फ्रॉड से बचाव), सोशल मीडिया सुरक्षा व निजता (डीपफेक, साइबर बुलिंग), नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल** (cybercrime.gov.in) **व आपातकालीन हेल्पलाइन नं० 1930 की जानकारी।**

**Schedule** (समय सारणी)

- समयकार्यक्रम / गतिविधि विवरण
- पूर्वाह्न 11:00 – 11:15 शिविर एवं जागरूकता सत्र की प्रस्तावना व स्वागत वक्तव्य
- पूर्वाह्न 11:15 – अपराह्न 12:30साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान एवं ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति
- अपराह्न 12:30 – 01:15 छात्राओं के साथ प्रश्नोत्तरी (Q&A)
- अपराह्न 01:15 – 02:00 विद्यार्थी संशय समाधान डेस्क: समस्याओं व शिकायतों का पंजीकरण एवं निवारण
- **विशेष निर्देश:**

**छात्राओं हेतु: डिजिटल सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड व सोशल मीडिया प्राइवेसी से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या या संशय के समाधान हेतु सत्र के अंतिम चरण में "** विद्यार्थी **संशय समाधान डेस्क" पर सहायता प्राप्त की जा सकती है।**

**समस्त कर्मियों हेतु: सभी शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मी कार्यक्रम को सुचारू, अनुशासित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने हेतु समय पर उपस्थित रहें।**

प्र0प्राचार्य